हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार, 5 जुलाई 2025

11 राष्ट्रव्यापी राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान शुरू...



12 गोशाला से मसानी तक की सड़क हुई खस्ता, 3 साल पहले करवाया...



॥ तमसो मा ज्योतिर्गमय ॥
MR DEGREE COLLEGE
Affiliated to Indira Gandhi University, Meerpur (Rewari)
GET UPTO 100% SCHOLARSHIP
COURSE AVAILABLE
B.SC. (Medical) / B.SC. (Non-Medical)
B.A. / B.COM / M.SC. (Phy. & Chem.)
B.Ed. / JBT / D-PHARMA
ADMISSION OPEN
Session 2025-26
For Admission Visit College Campus
Bus Facility Available From All Routes
MITTERPURA (M/GARH) HRY.
9466886066, 9416903367, 9416903021
mrcollegemitterpura@gmail.com

# 'चुनाव के समय के गठबंधन का भाईचारा' कह अभय ने मंजू चौधरी के बहाने इंद्रजीत पर साधा निशाना

- डिनर से शुरू होकर न्योते तक पहुंची राजनीति, नांगल चौधरी के पूर्व विधायक अभय यादव व कांग्रेस विधायक मंजू चौधरी के बीच सोशल मीडिया पर राजनीतिक वार

सतीश सैनी ⏭ नारनौल

विधानसभा चुनाव के आठ माह बाद एक बार फिर पूर्व सिंचाई मंत्री डा. अभय सिंह यादव ने चुनावी हार पर विधायक मंजू चौधरी के बहाने केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत पर निशाना साधा है। सोशल मीडिया एक्स पर अभयसिंह ने बिना इंद्रजीत सिंह का नाम लिखे डिनर का हवाला देते हुए 'चुनाव के समय के गठबंधन का भाईचारा' निभाने की बात कही है। हालांकि इस मैसेज में मंजू चौधरी का नाम लिखा, पर शब्दों के पीछे भाव यह बताते है कि विधानसभा चुनाव में नांगल चौधरी हलके में राव इंद्रजीत सिंह ने अपनी पार्टी के उम्मीदवार का साथ देने की बजाय कांग्रेस उम्मीदवार मंजू चौधरी का साथ दिया। ऐसे में अभय सिंह यादव ने तंज कसते हुए लिखा कि 'नांगल चौधरी की विधायक मंजू चौधरी का केवल डिनर में ही नहीं, उनका भारतीय जनता पार्टी में भी स्वागत है। यदि मन कर रहा है तो संकोच की कोई बात नहीं है, वह सादर आमंत्रित है। चुनाव के समय के गठबंधन का भाईचारा भी बना रहेगा और पार्टी का बंधन भी नहीं रहेगा।'

विधायक अभयसिंह की इस पोस्ट का जवाब देते हुए कांग्रेस विधायक मंजू चौधरी ने सोशल मीडिया एक्स व फेसबुक फेज पर लिखा कि पूर्व विधायक डॉ. अभयसिंह यादव जी,मैं आपकी भावनाओं को समझ रही हूं पर सच यही है कि आपसे हार पच नहीं रही है। अगर आपने विधानसभा क्षेत्र में ईमानदारी से काम किया होता, जनता के बीच रहते, किसानों, युवाओं और माताओं-बहनों की समस्याओं पर ध्यान दिया होता तो आज यह दिन नहीं देखना पड़ता। चुनाव हारने के बाद दूसरों पर दोष मढ़ने से अच्छा होता कि आत्ममंथन करते कि कहां चूक हुई?

## डिनर की बात पर मंजू ने यह दिया जवाब



*मंजू चौधरी ने लिखा तो सुनिए-राव साहब और हमारे परिवार के बीच दशकों से पारिवारिक संबंध हैं। राजनीति में मतभेद हो सकते हैं पर व्यक्तिगत संबंध और मानवीयता बनी रहती है। इसे भी राजनीति में घसीटना आपकी मानसिक हताशा को दर्शाता है। जहां तक जनता की बात है नांगल चौधरी की जनता ने भारतीय जनता पार्टी की झूठी नीतियों, दिखावटी नारों और खोखली राजनीति से तंग आकर हमें अपना अमूल्य आशीर्वाद दिया है। आप चाहे जितने भी तर्क गढ़ लें! जनता ने आपके झूठे वादों को, अहंकार और दिखावे की राजनीति को नकार दिया है। हम राजनीति में नफरत या द्वेष नहीं बल्कि सेवा और विकास का संकल्प लेकर आए हैं। जनता ने हमें यह अवसर दिया है और हम इसे जिम्मेदारी और ईमानदारी से निभाएंगे। मैं कांग्रेस पार्टी के प्रति पूरी निष्ठा रखती हूं। हार का ठीकरा दूसरों पर फोड़ने के बजाय जनता से दूर होने के कारणों पर सोचें और अपने जीवन में सकारात्मकता का संचार करें। हम नफरत के नहीं, विकास के रास्ते पर चलने आए हैं।*

## इस घटनाक्रम से जोड़कर देखा जा रहा मामला



रेवाड़ी में 15 जून को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आए थे। वहां रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा था कि सीएम साहब, हमने आपकी सरकार बनवाई है। अब हमारे काम करो। जवाब में मुख्यमंत्री ने मंच से कहा कि यह एक जाति की नहीं पूरे हरियाणा की सरकार है। इस रैली के तीन दिन बाद ही केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने 18 जून को चंडीगढ़ में विधायकों को डिनर दिया। इसमें 12 विधायक शामिल है। यह सभी दक्षिणी हरियाणा से थे। इस डिनर में स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव, चरखी दादरी विधायक सुनील सांगवान, बाढड़ा विधायक उमेद पातुवास, महेंद्रगढ़ विधायक कंवरसिंह, नारनौल विधायक ओमप्रकाश यादव, पटौदी विधायक बिमला चौधरी, रेवाड़ी विधायक लक्ष्मण यादव, कोसली विधायक अनिल यादव, बावल विधायक डा. कृष्ण कुमार, सोहना विधायक तेजपाल तंवर व गुरूग्राम मुकेश शर्मा के अलावा कांग्रेस पार्टी से नांगल चौधरी विधायक मंजू चौधरी शामिल हुई। हालांकि इसके बाद मंगलवार शाम इनमें से ही छह विधायक सीएम हाउस पहुंच गए।

## खबर संक्षेप

### जोहड़ में डूबने से व्यक्ति की मौत

**महेंद्रगढ़।** गांव सुंदरह निवासी एक व्यक्ति की जोहड़ में गिरने मौत हो गई। हादसा पैर फिसलने से हुआ है। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। गांव सुंदरह निवासी सुमेर सिंह ने पुलिस को बताया कि हम पांच भाई बहन हैं, जो सभी शादीशुदा है। अश्वनी उसका छोटा भाई है। वह कनीना में वेल्डिंग का काम करता था। बीती शाम करीब साढ़े छह बजे उसका भाई जोहड़ की मेड के ऊपर घूम रहा था। उसी समय पैर फिसल गया। उन्होंने कहा कि अश्वनी को तैरना नहीं आता था। जिससे वह जोहड़ डूब गया और उसकी मौत हो गई।

### रिश्तेदारी में आए वृद्ध की जान गई

**नारनौल।** दिल्ली से गांव आंतरी में अपनी रिश्तेदारी में मौसी के यहां आया हुआ था, तब उसे अचानक हर्ट अटैक आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। साउथ वेस्ट दिल्ली की हजिरन बस्ती में रहने वाला करीब 60 वर्षीय रामकिशन सिंह गांव आंतरी आया हुआ था, तभी उसको हर्ट अटैक आ गया।

### कारोता गांव में व्यक्ति ने लगाया फंदा

**नारनौल।** उपमंडल के गांव कारोता में एक व्यक्ति ने घर पर फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। जानकारी के अनुसार करीब 55 वर्षीय कैलाश चंद वासी कारोता मानसिक रूप से परेशान था। उसने बीती शाम को अपने घर पर ही फांसी का फंदा लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक की चार बेटियां एवं एक बेटा है। निजामपुर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई की तथा शव का नागरिक अस्पताल नारनौल से पोस्टमार्टम करा उसे परिजनों को सौंप दिया।

### फायर सेफ्टी प्रबंधों के अभाव में जानलेवा हादसों की बनी संभावना

# अवैध संचालित लाइब्रेरियों को नक्शा स्वीकृति के थमाए नोटिस, संचालकों की बढ़ी परेशानी

- 28 लाइब्रेरियों में करीब दो हजार युवा सीईटी व सीजीएल परीक्षा की कर रहे हैं तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी

शहर में संचालित अधिकांश लाइब्रेरी संचालकों ने नक्शा स्वीकृत नहीं कराया, ना ही फायर सेफ्टी के मापदंड पूरे किए हैं। शिकायत मिलने पर नपा प्रशासन अवैध लाइब्रेरियों को सूचीबद्ध करके नोटिस थमाए हैं। जिसमें नक्शा व अन्य औपचारिकता पूरी करने के निर्देश दिए हैं। निर्धारित अवधि तक फाइल जमा नहीं कराई तो सीलबंदी की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नोटिस मिलने के बाद संचालकों में हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

आपको बता दें कि सरकार ने ग्रुप डी व सी की भर्ती के लिए कॉमन इलिजिबिलिटी टेस्ट सीईटी अनिवार्य कर दिया है। क्वालिफाई के लिए 50 फीसदी अंक निर्धारित किए गए हैं। साथ ही सीटों से 10 गुणा सीईटी उत्तीर्ण आवेदकों को भर्ती प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। जिसके लिए मेरिट सूची तैयार की जाएगी और टॉपर युवाओं को प्राथमिकता मिलेगी। इसलिए युवाओं ने पढ़ाई को तव्वजो देना आरंभ कर दिया, लेकिन घर पर एकाग्रता नहीं बन पाती। ऐसे में शहर में संचालित लाइब्रेरी में पंजीकरण करवाकर पढ़ाई करना शुरू कर दिया। युवाओं की भीड़ बढ़ने के साथ ही लाइब्रेरियों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है, लेकिन अधिकांश संचालकों ने निर्धारित मापदंडों की पालना नहीं की। जिस कारण युवाओं को जानलेवा खतरा बना हुआ है। निजी सुविधा के अनुसार बेसमेंट में कुर्सियां लगाकर बच्चों के दाखिले कर लिए, जहां एंट्री और निकास के लिए एक ही गेट उपलब्ध है। अगजनी या अन्य कोई घटना होने पर युवाओं का बाहर निकलना मुश्किल हो जाएगा। शिकायत मिलने पर नपा प्रशासन ने संचालित लाइब्रेरी संस्थानों की सर्वे कराई है। जिनमें अधिकांश ने नक्शे को स्वीकृत नहीं कराया। ऐसे में विभाग की राजस्व चोरी करने के साथ पढ़ाई करने वाले युवाओं को जानलेवा खतरा संभव है।

नपा सचिव ने सूचीबद्ध सभी लाइब्रेरी संचालकों को नोटिस देकर तय समय में फाइल जमा करने की हिदायत दी है।





नांगल चौधरी। कार्यालय नगर पालिका नांगल चौधरी। फोटो : हरिभूमि

### कार्रवाई का अल्टीमेटम

नपा के सचिव ललित गोयल ने बताया कि शहर में संचालित लाइब्रेरियों का नक्शा स्वीकृत नहीं। म्युनिसिपल एक्ट के अंतर्गत संचालकों को नोटिस जारी कर दिए। जिसमें निर्धारित अवधि में नक्शा व अन्य मापदंड पूरे करने की हिदायत है। आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ नपा प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा।

# कनीना में 5 एमएम बारिश गर्मी से नहीं मिली निजात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना



क्षेत्र में शुक्रवार सुबह हुई पांच एमएम बारिश के बाद आमजन को उमसभरी गर्मी से निजात नहीं मिल पाई। लगातार चल रही उमसभरी गर्मी को लेकर पिछले पखवाड़े भर से किसान अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं। बारिश के बाद क्षेत्र में कपास, ग्वार, व बाजरे की फसल चमक रही है, लेकिन हवा गुम होने से उमसभरी गर्मी से पसीने रूकने का नाम नहीं ले रहे हैं।

गर्मी के चलते बिजली सप्लाई की मांग भी बढ़ रही है। कृषि विभाग के एसडीओ डॉ. अजय यादव ने बताया कि खंड में करीब 33 हजार हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि है। जिसमें से 18 हजार हेक्टेयर भूमि पर बाजरा, आठ हजार हेक्टेयर में कपास व शेष भूमि पर मूंग, ग्वार, ज्वार, ढैंचा आदि की बिजाई की गई है।

# जिला लोक संपर्क एवं जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक 10 को

- सहकारिता मंत्री अरविंद कुमार शर्मा सुनेंगे शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

सहकारिता मंत्री अरविंद कुमार शर्मा 10 जुलाई को पंचायत भवन में दोपहर दो बजे जिला लोक संपर्क एवं जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक लेंगे। इसमें पहले से निर्धारित 12 मामले सुनवाई के लिए रखे जाएंगे। जिनका संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर से समाधान किया जाएगा।

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि कार्यकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग भवन एवं सड़क का एक, पुलिस अधीक्षक के दो, उपमंडल अधिकारी नांगल चौधरी का एक, अधीक्षण अभियंता जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के दो, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी का एक, जिला राजस्व अधिकारी के दो, जिला शिक्षा अधिकारी का एक, कार्यकारी अभियंता कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद का एक, कार्यकारी अभियंता दक्षिणी हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड का एक मामला सुनवाई के लिए रखा जाएगा।

उन्होंने बताया कि गांव बचिनी का सरपंच ग्राम पंचायत, गांव नांगल दर्गू का सेडाराम, खानपुर का महेश कुमार, नांगल चौधरी से लता शर्मा ऑन बिहाफ सुरेंद्र शर्मा हास्य कवि, वार्ड नंबर एक का संजय कुमार, वार्ड नंबर तीन नूनी अव्वल का राजेंद्र कुमार, गांव करीरा का शीशराम, गनियार का बीरेंद्र सिंह, नांगल चौधरी का रामसिंह, नावदी का अशोक सिंह, मोहल्ला परस नजदीक पुल बाजार वार्ड नंबर 25 का मनोज सोनी तथा गांव हसनपुर का चिरंजीलाल का मामला सुनवाई के लिए रखा जाएगा।

### करंट लगने से व्यक्ति की मौत

**महेंद्रगढ़।** गांव मालड़ा सराय निवासी एक 35 वर्षीय व्यक्ति को करंट लगने से मौत हो गई। व्यक्ति का हादसा खेत में मोटर चलाते समय हुआ। पुलिस ने मृतक का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया हैं। गांव मालड़ा सराय निवासी प्रदीप ने पुलिस में दिए बयान में बताया कि उसका 35 वर्षीय भाई संदीप खेती का काम करता था। वह खेत में गया था वहां उसने कोटड़ी में मोटर चलाते वक्त अचानक करंट लग गया। जब उन्हें पता चला तो मौके पर पहुंचे और भाई संदीप को महेंद्रगढ़ के नागरिक अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना में किसी का कोई दोष नहीं है, उसके भाई को करंट लगने की वजह से उसकी मौत हुई है। मृतक के छोटे भाई प्रदीप ने बताया कि वह दो भाई हैं। बड़ा भाई संदीप खेती का काम करता था। वह पढ़ाई कर रहा है। संदीप शादीशुदा था। उसके एक वर्ष की लड़की है, वह जॉइंट परिवार में रहते हैं।

# मांगों को लेकर ग्रामीण चौकीदारों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

हरियाणा ग्रामीण चौकीदार एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक हुई लघु सचिवालय में जिला प्रधान पंकज शोभापुर की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन मलखान अटेली व वेदप्रकाश कोथल ने किया। इस अवसर पर जिला प्रधान पंकज ने कहा ग्रामीण चौकीदार 11000 के मानदेय पर काम कर रहे है। जिसमें इतने महंगाई में गुजारा करना बहुत मुश्किल है। ग्रामीण चौकीदारों को सरकारी कर्मचारी का दर्जा जाए, न्यूनतम वेतन 26000 हजार रुपये दिया जाए, ग्रामीण चौकीदार को पंचायत विभाग से तब्दील करके ग्रह विभाग से जोड़ा जाए, ग्रामीण चौकीदारों को सेवानिवृत्ति पर एक मुश्त 10 लाख रुपये की राशि दी जाए, ग्रामीण चौकीदार को मेडिकल लाभ दिया जाए, ग्रामीण चौकीदार की ड्यूटी पर मृत्यु होने पर उसके परिवार को 10 लाख रुपये की राशि दी जाए। इन मांगों के साथ ग्रामीण चौकीदार ने जिला अधिकारी को ज्ञापन दिया। इस मौके पर कनीना खंड प्रधान सुरेंद्र, खंड महेंद्रगढ़ वेदप्रकाश, सिहमा बीरसिंह, अटेली खंड राजेंद्र चंदपुरा, मनोज तोबड़ा, महेंद्र सिंह, मनोज, जगमाल, मलखान आदि मौजूद रहे।



नारनौल। ज्ञापन सौंपते ग्रामीण चौकीदार। फोटो : हरिभूमि

# एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग, किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

कनीना खास रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस गाड़ियों का ठहराव करने की मांग को लेकर कनीना उपमंडल के सैकड़ों निवासियों ने कनीना खास रेलवे स्टेशन पर धरना, प्रदर्शन तथा रेल रोको आंदोलन किया। आंदोलन का नेतृत्व प्रजा भलाई संगठन के सुप्रीमो समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने किया। घोषित कार्यक्रमानुसार कार्यकर्ता रेलवे स्टेशन के बाहर एकत्रित हुए तथा जोरदार नारेबाजी की। प्रदर्शनकारी हाथों में लाल झंडे तथा पोस्टर लिए हुए थे। जिन पर लिखा था रेल प्रशासन होश में आओ होश में आओ, कनीना स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव करो, मोदी जी हमारे मन की बात सुनो तथा कनीना स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव करो।



नारनौल। एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर कनीना स्टेशन पर प्रदर्शन करते कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

प्रदर्शनकारी 11 बजे रेल रोकने के लिए आगे बढ़े तो भारी पुलिस बल ने उनको रेलवे स्टेशन पर अंदर जाने से रोक दिया। प्रदर्शनकारी वहीं धरना देकर के बैठ गए। इसके बाद पुलिस प्रशासन व स्टेशन अधीक्षक से बातचीत करने के बाद आंदोलन के नेता अतरलाल ने अपने प्रदर्शनकारी साथियों से बातचीत की और रेल प्रशासन को एक महीने का अल्टीमेटम देकर चार ज्ञापन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव, डीआरएम बीकानेर डीविजन आशीष कुमार को प्रेषित ज्ञापन स्टेशन अधीक्षक विक्की यादव को सौंपे। ज्ञापन में सादुलपुर से वाया महेन्द्रगढ़ रेवाड़ी, दिल्ली पानीपत नई पेंसजर ट्रेन चलाने तथा कनीना खास रेलवे स्टेशन को आदर्श भारत योजना में शामिल करने की मांगें की। इस मौके पर कर्णसिंह यादव, श्रीभगवान गौतम, सज्जन बोहरा, जोगेन्द्र चौहान, किशनपाल सिंह तंवर, सूबेदार मदन सिंह, सीताराम जांगड़ा, कैलाश सेठ, नरेश रोहिल्ला, राजेन्द्र पंच, मीरसिंह वैद्य, डॉ. मुकेश आदि मौजूद थे।

# सलीमपुर ग्राम पंचायत के प्रस्ताव देने पर भी गोकुलपुर में खोला शराब का ठेका, ग्रामीणों ने जताया आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली

अटेली क्षेत्र के गांव सलीमपुर की ग्राम पंचायत ने नशे के खिलाफ अनेक प्रकार की मोहिम चलाई हुई है। पिछले वर्ष 24 दिसंबर को ग्राम पंचायत ने ठेका खोले जाने से पूर्व ग्रामीणों की सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित कर बीडीपीओ कार्यालय अटेली में जमा करवा दिया था। उसके बाद भी गोकलपुर गांव में शराब का ठेका खोल दिया गया, जिसके चलते ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है।


मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा प्रदेश में नशे के खिलाफ साइक्लोथॉन-2.0 यात्रा निकालकर सभी ग्राम पंचायत को हरियाणा को नशा मुक्त बनाने का संदेश दिया था। यह यात्रा इसी वर्ष आठ अप्रैल को अटेली क्षेत्र के गांवों में पहुंची थी। इस यात्रा का अटेली क्षेत्र के हजारों लोग ने यात्रा में शामिल होकर प्रदेश को नशामुक्त बनाने की मुहिम का समर्थन किया था। इस साइक्लोथॉन-2.0 यात्रा का सलीमपुर ग्राम पंचायत ने एक बड़ा कार्यक्रम कर गांव को नशामुक्त बनाने की मुहिम का समर्थन भी किया था। ग्राम पंचायत के प्रस्ताव देने पर भी गोकुलपुर में शराब का ठेका खोल दिया, जिससे ग्रामीणों में रोष उत्पन्न हो गया।

इसके बारे में सलीमपुर की सरपंच आरती यादव ने बताया कि बीडीपीओ कार्यालय से उसे सूचना मिली थी कि यदि कोई पंचायत अपने गांव में शराब का ठेका नहीं खुलवाना चाहती है तो वह प्रस्ताव पारित कार्यालय में जमा कर सकता है।


इस सूचना के बाद उनकी पंचायत ने बिना देर किए एक बैठक कर प्रस्ताव पारित किया और उसे बीडीपीओ कार्यालय अटेली कार्यालय में जमा भी करवा दिया। जब से वह सरपंच बनी है, तब से लेकर वह गांव में नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में लोगों को जागरूक करती रहती हैं।

गोकलपुर गांव सलीमपुर की से सटा हुआ है। गोकलपुर की अधिकतर जमीन सलीमपुर गांव में है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की साइक्लोथॉन 2.0 यात्रा इसी वर्ष आठ अप्रैल को उनके गांव में पहुंची थी। तब उन्होंने मंच के माध्यम से उस यात्रा को उनके गांव को नशा मुक्त करने का भरोसा दिलाया था।

अगर जिला प्रशासन उनकी गांव से शराब का ठेका नहीं हटवाती है तो वह जल्द ही एक बड़ा आंदोलन करेगी। नशा खतरनाक बीमारी है नशा करने वाला व्यक्ति परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि समाज के लिए बोझ बन जाता है। नशा हमारे शरीर की शक्ति का खत्म कर उसे बीमारियों का घर बना देता है। नशा अच्छे - भले शरीर को कंकाल बना देता है। हमें स्वयं भी व दूसरों को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करना चाहिए।



मंडी अटेली। ग्राम पंचायत की दिसंबर में दिए प्रस्ताव की कॉपी। फोटो : हरिभूमि



# बिग बी ने शेयर की शानदार तस्वीर केबीसी के सफर को किया याद

**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने अपने केबीसी के 25 साल पूरे होने के सफर को याद करते हुए इंस्टाग्राम पर एक खास और शानदार तस्वीर शेयर की और कैप्शन में लिखा, 3 जुलाई 2025 को, जब मैं इस साल के केबीसी सीजन की तैयारी कर रहा था, मुझे केबीसी टीम ने बताया - 3 जुलाई 2000 को केबीसी का पहला प्रसारण हुआ था...25 साल, केबीसी का जीवन। अमिताभ बच्चन की इस शानदार पोस्ट पर कई सेलेब्स ने जमकर कमेंट किए। एक्ट्रेस निमरत कौर ने लिखा, 'क्या विरासत है सर...अद्वितीय', रोनित रॉय ने लिखा, 'वाह! इस उपलब्धि की ऊंचाई को शब्दों में बयां करने के लिए मेरे पास कोई शब्द नहीं है। बधाई हो सर', सौरभ अहेर ने लिखा, महानायक। एक फैन ने लिखा, 'कौन बनेगा करोड़पति के 25 शानदार साल!

लाइफ Style

# कोंकणा

## मेनस्ट्रीम हीरोइन वाला सपना कभी मेरा नहीं था

एजेंसी ⏭ मुंबई

कोंकणा सेन शर्मा हमेशा से कंटेंट-ड्रिवन सिनेमा की पहचान रही हैं। ऐसे में स्वाभाविक था कि बातचीत के दौरान उनसे यह पूछा जाए कि क्या कभी उन्हें लगा कि करण जौहर उन्हें शाहरुख खान के साथ किसी फिल्म में कास्ट करेंगे? इस सवाल पर कोंकणा मुस्कुराईं और बेझिझक बोलीं, 'वो मेरा जोन कभी रहा ही नहीं। वैसे भी बहुत सारे लोग उस जोन में बहुत अच्छा काम करते हैं, लेकिन मुझे नहीं लगता कि वो मेरी ताकत है।

मैं किसी भी तरह की कहानी के लिए तैयार हूं, बशर्ते किरदार अच्छा हो, निर्देशक अच्छा हो। लेकिन वो 'मेनस्ट्रीम हीरोइन' वाला सपना कभी मेरा नहीं था।' अपने 14 साल के बेटे को लेकर कोंकणा बताती हैं कि वो मेरी ज्यादातर फिल्में देख नहीं पाता, क्योंकि वो थोड़ी गंभीर होती हैं। अभी वो मार्वल, अवेंजर्स जैसी फिल्में देखता है। लेकिन अब मैं उसे एक इंसान के रूप में जान रही हूं। उसकी अपनी पसंद, सोच, संवेदनशीलता उभर रही है, और एक मां के लिए यह देखना बहुत ही खास अनुभव है। बेटे के एक्टिंग में आने पर कोंकणा का कहना है कि बिल्कुल अगर वो करना चाहे तो मुझे कोई आपत्ति नहीं। लेकिन हां, पहले पढ़ाई तो पूरी करनी ही होगी।

वर्कफ्रंट की बात करें तो 'मेट्रो इन दिनों' के बाद कोंकणा जल्द ही अपनी मां अपर्णा सेन की फिल्म 'द रेपिस्ट' में नजर आएंगी। इसके अलावा उन्होंने प्रतिभा रांटा के साथ एक फिल्म की है। वहीं हॉटस्टार के लिए एक वेब सीरीज 'किलिंग' भी कर रही हैं। साल 2007 में अनुराग बसु की फिल्म 'लाइफ इन अ मेट्रो' में इरफान खान और कोंकणा सेन शर्मा की जोड़ी ने ऑडियंस के दिलों में एक खास जगह बना ली थी। एक साधारण सी लगने वाली कहानी को दोनों ने अपनी संजीदा अदाकारी से बेहद खास बना दिया था।



## हॉलीवुड मसाला



# एफ 1 ने बॉक्स ऑफिस पर बनाई पकड़

**मुंबई।** इस हफ्ते भारत में कई फिल्में रिलीज हुई हैं। ऐसे में 'एफ1' ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी अच्छी पकड़ बनाई है। जहां भारत में इन दिनों बॉलीवुड और साउथ की फिल्मों का बॉक्स ऑफिस पर कलेक्शन कम हो गया है, वहीं हॉलीवुड फिल्म 'एफ 1' अच्छी कमाई कर रही है। ओपनिंग डे पर 5.5 करोड़ रुपए का कारोबार करने वाली इस फिल्म ने पहले रविवार को सबसे ज्यादा 8.15 करोड़ रुपए का कारोबार किया। बुधवार को फिल्म का कलेक्शन 3.48 करोड़ रुपए रहा। गुरुवार को फिल्म ने अच्छा कलेक्शन करते हुए 2.51 करोड़ रुपएका कारोबार किया है।




# प्रियंका ने हॉलीवुड फिल्म में दिखाया जबरदस्त एक्शन

**लॉस एंजिल्स।** बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक अपनी दमदार एक्टिंग से एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा पहचान चुकी हैं। इन दिनों प्रियंका चोपड़ा अपनी नई हॉलीवुड फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट'को लेकर चर्चा में हैं। ये फिल्म भारत में अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रही है। सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस ने 4 जुलाई को अपने फिल्म के सेट से एक बीटीएस वीडियो शेयर किया है, जिसमें उनका दमदार एक्शन देखने को मिला, जिसमें उन्हें एक्शन करते देखा जा रहा है। प्रियंका चोपड़ा के इस वीडियो देखकर फैंस उनकी जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक सीन में वह जोर से दरवाजे पर पैर मारती हैं जिससे वो टूट जाता है। वहीं दूसरे सीन में वह बंदूक लेकर जबरदस्त एक्शन करती दिखती हैं। शूट के दौरान थकने के बाद भी वह फिर से एनर्जी के साथ एक्टिंग करती नजर आती हैं। वहीं, आगे ऐसा लगता है कि वह सीन करते हुए थकने वाली है, लेकिन अचानक फिर से शूट करने के लिए तैयार हो जाती हैं।



# असली खुशी दूसरों को मौका देने में

**मुंबई।** पद्मश्री कैलाश खेर का मानना है कि असली खुशी दूसरों को मौका देने में है। एक बातचीत में उन्होंने बताया कि 'नई उड़ान'एक खास संगीत मंच है, जिसे उन्होंने नए गायक-कलाकारों को मौका देने के लिए शुरू किया है। हर साल होने वाले इस इवेंट में देशभर से नए टैलेंट को चुना जाता है और उन्हें बड़ा मंच दिया जाता है। भारत की फिल्म इंडस्ट्री में भले ही तमाम कलाकार हों, लेकिन कोई किसी का हाथ नहीं थामता। जब कोई खुद स्थापित हो जाता है, तो दूसरों की चिंता नहीं करता। हमें लगा, यह रवैया बदलना चाहिए। हमने ठाना कि हम हर साल अपने जन्मदिन पर एक नई परंपरा निभाएंगे - केक नहीं काटेंगे, बल्कि हुनर का दीप जलाएंगे। इस मंच का मकसद है नए टैलेंट को ढूंढना, उन्हें तराशना, संवारना और भव्य रूप से लॉन्च करना।



# किसान की मदद के लिए बढ़ाया हाथ

**मुंबई।** बॉलीवुड के अभिनेता सोनू सूद लोगों की मदद करने के लिए जाने जाते हैं। एक बार फिर वह सुर्खियों में हैं। सोशल मीडिया पर हाल ही में एक ऐसे किसान की वीडियो वायरल हुई जिसके पास खेत जोतने के लिए बैल नहीं थे। इसलिए उस किसान ने खुद से ही खेत जोतना शुरू कर दिया। सोनू सूद ने इस किसान को बैल देने का ऐलान किया है। लातूर जिले के हडोल्टी गांव के एक किसान का वीडियो इंटरनेट पर खूब वायरल हुआ। इस वीडियो में किसान खुद से खेत जोत रहा है। सोनू सूद ने जब यह वीडियो देखा तो उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा 'आप नंबर भेजिए हम बैल भेजते हैं।' यही नहीं एक यूजर ने कहा कि बैल की जगह पर ट्रैक्टर भेज दो। इस पर सोनू सूद ने कहा 'हमारे इस किसान को ट्रैक्टर चलाना नहीं आता, इसलिए बैल ही बढ़िया है दोस्त।'

## टीवी मसाला



# एकता ने शेयर किया 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का वीडियो

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड फिल्में और टीवी सीरियल्स की मशहूर निर्माता-निर्देशक एकता कपूर ने शुक्रवार को इंस्टाग्राम पर अपने सुपरहिट सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का एक दिलचस्प वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में एकता भी नजर आ रही हैं। वह एक-एक करके घर के सभी सदस्यों से गले मिलती नजर आ रही हैं और उनके चेहरे पर हल्की सी मुस्कुराहत भी दिख रही है। एकता ने इस शानदार वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, धन्यवाद-इसलिए जब हमने 1000 एपिसोड पूरे कर लिए तो मैंने एक सुपर फिल्मी एंट्री की।' एकता का टीवी सीरियल 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय रहा है, खासतौर पर महिला दर्शकों के बीच इस शो की काफी चर्चा रही है। यह एक हिंदी धारावाहिक है, जो 3 जुलाई 2000 से 6 नवंबर 2008 तक स्टार प्लस पर प्रसारित हुआ था। इस शो का निर्माण शोभा कपूर और एकता कपूर ने अपने बैनर बालाजी टेलीफिल्म्स के तहत किया था।

# लाफ्टर शेफ 2 में कृष्णा ने एल्विश को किया ट्रोल

**नई दिल्ली।** एल्विश यादव का कंट्रोवर्सी से पुराना नाता है। इस इंफ्लुएंसर पर एक पुलिस केस भी हो चुका है। इसी केस की याद



एल्विश यादव को कृष्णा अभिषेक याद दिलाते दिखे। साथ ही इस दिक्कत से एल्विश बाहर कैसे आ सकते हैं? इस बात का समाधान पाने की कोशिश करते हुए कृष्णा नजर आए। हाल ही कलर्सटीवी के इंस्टाग्राम पेज पर एक प्रोमो 'लाफ्टर शेफ 2' का साझा किया गया है। इसमें कृष्णा अभिषेक एल्विश की चुटकी लेते नजर आ रहे हैं। इस स्पेशल एपिसोड में कई सारी पंडित आए हैं, इनके लिए शो के कंटेस्टेंट्स को खाना बनाना है। इसी बीच एल्विश के केस के बारे में कृष्णा, एक पंडित जी से पूछते हैं, हमारा लड़का काफी परेशान है, इसका केस कब क्लीयर होगा। आगे वीडियो में पंडित जी कहते हैं, जब इनके घर में पत्नी आएगी तो सारी दिक्कतें दूर होंगी। इस पर कृष्णा और एल्विश हंसने लगते हैं।

# काजोल-पृथ्वीराज की सरजमीं का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** 'मेरे लिए सरजमीं की सलामती से बढ़कर मेरे लिए कुछ भी नहीं।' इब्राहिम अली खान, काजोल और पृथ्वीराज सुकुमारन स्टारर सरजमीं का ट्रेलर शुक्रवार को जारी हुआ। पिछले दिनों रिलीज हुए फिल्म के टीजर की काफी चर्चा रही थी। अब एक हफ्ते बाद ही मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है। ट्रेलर में इब्राहिम अली खान एकदम अलग और दमदार अंदाज में देखने को मिलेंगे।

ट्रेलर की शुरुआत में इब्राहिम अली खान पीछे से दिखाए जाते हैं। वो सेना की वर्दी पहने और हाथ में रिवॉल्वर लिए बर्फ पर चल रहे हैं। अचानक वो थक कर वहीं बैठ जाते हैं। इसके साथ ही एक वॉइस ओवर चल रहा है जिसमें कहा जाता है 'तुम्हें पता है कुछ घाव ऐसे होते हैं, जो तब तक नहीं मिटते हैं, जब तक उनकी याद नहीं मिट जाती है।' 2 मिनट 13 सेकंड के इस ट्रेलर में भरपूर एक्शन देखने को मिलता है। ट्रेलर से पता चलता है कि इब्राहिम अली खान फिल्म में काजोल और पृथ्वीराज सुकुमारन के बेटे हरमन का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म एक परिवार की कहानी है। जहां एक आर्मी ऑफिसर का बेटा किन्हीं परिस्थितियों में आतंकवादी बन जाता है। पिता आर्मी में और बेटा आतंकवादी, ऐसे में मां की ममता अपने बेटे से खत्म नहीं होती। फिल्म का प्लॉट काफी घिसा-पिटा मालूम होता है। ट्रेलर में पृथ्वीराज सुकुमारन और इब्राहिम अली खान के बीच जबरदस्त फेस ऑफ देखने को मिला है। जिससे उम्मीद है कि फिल्म में दोनों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी। फिल्म के लिए इब्राहिम ने अपने फिजिक पर काफी मेहनत की है, जो उनके लुक में दिखता है। ट्रेलर में इब्राहिम के दो लुक सामने आए हैं, एक शेव्ड और एक बियर्ड वाला। ट्रेलर में काजोल एक बेटे की ममता में डूबी मां के किरदार में हैं।




# दर्शकों को पसंद आई अनुराग बसु की मेट्रो इन दिनों



**मुंबई।** अनुराग बसु की फिल्म मेट्रो इन दिनों शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। ये फिल्म इस साल की मच अवेटेड फिल्मों में शामिल है। क्योंकि, साल 2007 में आई 'लाइफ इन अ मेट्रो' आज भी दर्शकों को पसंद है और वो लंबे समय से एक ऐसी ही फिल्म का इंतजार कर रहे थे। अब 18 साल बाद अंततः अनुराग बसु फिर अपनी अगली मेट्रो लेकर आए हैं 'मेट्रो इन दिनों'। फिल्म को क्रिटिक्स से काफी सराहना मिल रही है। अनुराग बसु की फिल्मों को लेकर ऐसा माना जाता है कि वो आम लोगों की कहानी को बताते हैं। क्रिटिक्स तो 'मेट्रो इन दिनों' को लेकर भी ऐसा ही बता रही है। एक यूजर ने लिखा, 'एक दिल को छू लेने वाला सिनेमाई अनुभव। एक ऐसी फिल्म जो आपके साथ रहती है। खासकर शहरी दर्शक, गहराई से जुड़ेंगे।' एक अन्य यूजर ने फिल्म के संगीत की तारीफ करते हुए लिखा, 'हिंदी सिनेमा में संगीत को कथा में शामिल करने में अनुराग बसु से बेहतर कोई नहीं है।' एक अन्य यूजर ने फिल्म की तारीफ करते हुए लिखा, 'मेट्रो...इन दिनों एक दिल को छू लेने वाली और बेहतरीन तरीके से शूट की गई फिल्म है। प्रीतम का म्यूजिक वाकई अच्छा है और फिल्म में एक अच्छा एहसास जोड़ता है। अभिनय हर तरफ से दमदार है। कुछ हिस्से धीमे हैं, लेकिन कुल मिलाकर, यह एक खूबसूरत फिल्म है।'एक यूजर ने फिल्म को इमोशंस से भरी यात्रा बताते हुए मेट्रो इन दिनों की तारीफ की। साथ ही यूजर ने फिल्म को साढ़े तीन स्टार भी दिए। फिल्म को लेकर यूजर्स की अलग-अलग प्रतिक्रियाएं आई हैं। एक यूजर ने फिल्म को औसत बताया। यूजर ने कहा कि फिल्म में कुछ भी अलग या खास नहीं है।

## सिनेमा के एक ऐसे साधक थे, जिन्होंने भारतीय फिल्म जगत को दी नई दिशा

# एडवोकेट जनरल का बेटा बना सिनेमा की दुनिया का बादशाह

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जिंदगी में कभी-कभी ऐसे पल आते हैं जो हमें तोड़कर रख देते हैं और सपनों को राख में बदल देते हैं। लेकिन, वही राख कुछ लोगों के लिए उड़ने के नए पंख बन जाती है। बी. एन. सरकार की कहानी कुछ ऐसी ही प्रेरणादायक मिसाल है। वह सिर्फ एक फिल्म निर्माता नहीं थे, बल्कि सिनेमा के एक ऐसे साधक थे, जिन्होंने भारतीय फिल्म जगत को नई दिशा दी। साल 1940 में एक आग ने उनका पूरा न्यू थिएटर्स स्टूडियो, रिकॉर्डिंग्स और वर्षों की मेहनत को जला दिया। ऐसे समय में अगर कोई आम इंसान होता तो शायद टूट जाता, लेकिन बी. एन. सरकार ने हार नहीं मानी। उन्होंने उस राख से फिर अपने सपनों को जिंदा किया, नए कलाकारों को मंच दिया और भारतीय सिनेमा को फिर से ऊंचाइयों तक पहुंचाया। बी. एन. सरकार का पूरा नाम बीरेंद्रनाथ सरकार था। उनका जन्म 5 जुलाई 1901 को बिहार के भागलपुर में हुआ था। उनके पिता, सर निरेंद्रनाथ सरकार, बंगाल के पहले एडवोकेट जनरल थे, उनके परदादा पीरी चरण सरकार ने अंग्रेजी भाषा की पहली भारतीय टेक्स्टबुक लिखी थी।



### टिकट के लिए लंबी लाइन देख आया बिजनेस का आइडिया

बी. एन. सरकार ने कोलकाता के प्रसिद्ध हिंदू स्कूल से पढ़ाई करने के बाद लंदन यूनिवर्सिटी से सिविल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की. विदेश से लौटने के बाद उन्होंने कोलकाता में बतौर इंजीनियर कॅरियर की शुरुआत की, लेकिन वह अपना बिजनेस करना चाहते थे। एक दिन उन्होंने सिनेमा हॉल के बाहर टिकट के लिए लंबी लाइन देखी तो उन्होंने इसे अपने व्यवसाय के तौर पर शुरू करने का फैसला लिया, जहां लोग बिना देखे ही टिकट खरीदने को तैयार थे। यहीं से उन्होंने फिल्म निर्माण में कदम रखा।

### सुभाष चंद्र बोस ने लॉन्च किया था सिनेमा हॉल

उन्होंने पहले चित्रा सिनेमा हॉल का निर्माण कराया, जिसका उद्घाटन नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने किया था। इसके बाद 1931 में उन्होंने न्यू थिएटर्स की स्थापना की, जो आने वाले दशकों में भारतीय सिनेमा की ताकत बना। शुरुआती कुछ फिल्में असफल रहीं, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। देवदास, चंडीदास और भाग्य चक्र जैसी फिल्मों की सफलता ने उन्हें सिनेमा की दुनिया का बादशाह बना दिया। उन्होंने केवल फिल्में नहीं बनाईं, बल्कि तकनीक, कला और भारतीय संस्कृति के अद्भुत संगम का आंदोलन खड़ा किया।

### फुटबॉल मैच देखते हुए मिली थी बुरी न्यूज

बी. एन. सरकार का न्यू थिएटर्स तकनीकी नवाचार, सांस्कृतिक योगदान और रचनात्मकता के तौर पर शिखर पर था, लेकिन 9 अगस्त 1940 को एक भीषण आग ने सबकुछ स्वाहा कर दिया। बी. एन. सरकार की इस सपनों की फैक्ट्री को राख में बदल दिया। जिस वक्त आग लगी, उस समय वे मोहन बागान और आर्यन क्लब के बीच फुटबॉल मैच देख रहे थे।इस दौरान किसी ने आकर उनके कान में स्टूडियो में आग लगने की खबर सुनाई। खबर सुनते ही वे तुरंत स्टूडियो की ओर भागे, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। पूरा प्रोडक्शन जलकर खाक हो चुका था। दशकों की मेहनत तबाह हो चुकी थी।

### स्वाहा हुआ सपना, फिर भी नहीं मानी हार

इस भयानक क्षति के बाद भी बी. एन. सरकार ने हार नहीं मानी। उन्होंने दोबारा स्टूडियो खड़ा किया, युवा प्रतिभाओं को मौका दिया और बिमल रॉय जैसे उभरते कलाकारों को मंच प्रदान किया। 1944 में उदयेर पथे जैसी संवेदनशील और क्रांतिकारी फिल्म से उन्होंने एक नई शुरुआत की। वह 1951 में फिल्म इंक्वायरी कमेटी के सदस्य बने, जिसकी सिफारिशों से फिल्म और टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) का गठन हुआ। 28 नवंबर 1980 को उन्होंने अंतिम सांस ली।

## खबर संक्षेप



कनीना। तहसीलदार संजीव नागर को स्मृति चिह्न प्रदान करते एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह अहलावत व अन्य।

### बदली होने पर तहसीलदार को दी विदाई पार्टी

**कनीना।** बदली होना सर्विस प्रक्रिया का हिस्सा है। कनीना एक अच्छी तहसील है। जहां आमजन भाईचारे की भावना को अधिक महत्व देते हैं। ये बातें एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह अहलावत ने शुक्रवार को तहसीलदार संजीव नागर की बदली होने पर कार्यालय में आयोजित विदाई पार्टी में कही। उन्हें करीब सवा साल पूर्व कनीना तहसीलदार के रूप में कार्यभार ग्रहण किया था। बीते समय हुए लोकसभा व विधानसभा के बाद नगर पालिका के चुनाव में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने पद पर रहते हुए लंबित करीब 200 से अधिक केसों का निपटान किया। स्थानांतरण पुन्हाना होने पर विदाई पार्टी का आयोजन किया गया।

### रामपुरा के पूर्व सरपंच बाबूलाल का निधन

**नारनौल।** रामपुरा (हुडीना) निवासी रिटायर्ड प्रो. प्राचार्य देशराज यादव के छोटे भाई एवं रिटायर्ड प्रवक्ता सुबेसिंह के बड़े भाई पूर्व सरपंच बाबूलाल का आकस्मिक निधन हो गया। वह करीब 68 वर्ष के थे। बाबूलाल यादव ने समाजसेवी के रूप में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनाई। उनका लंबी बीमारी के बाद वीरवर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव रामपुरा में किया गया। वे अपने पीछे दो बेटे एवं एक बेटी छोड़ गए हैं। उनके निधन से परिजन शोकाकुल हैं। बड़े बेटे राकेश कुमार ने उन्हें मुखाग्नि दी।





नारनौल। जेआरसी काउंसलर व ब्रिगेड ऑफिसरों की बैठक लेती सीजेएम नीलम कुमारी।

### सड़क सुरक्षा केवल एक नियम नहीं, जीवनशैली

**नारनौल।** सड़क सुरक्षा केवल एक नियम नहीं है, यह एक जीवनशैली है। सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करके हम सभी एक सुरक्षित और बेहतर समाज बना सकते हैं। यह बात जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने शुक्रवार को एडीआर सेंटर में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत सड़क नियम, जीवन उपकरण, विषय पर विद्यालयों में कार्यरत जेआरसी काउंसलर व ब्रिगेड ऑफिसरों की बैठक लेते हुए कही। इस मौके पर रेडक्रॉस से ब्रिगेड कमांडर टेकचंद यादव, राजेश शर्मा झाड़ली, विजय, दीपक आदि मौजूद थे।

#### सीजेएम ने एडीआर केंद्र में मीडिएटर्स के साथ चर्चा करके रणनीति तैयार की

# राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान शुरू, लंबित मामलों को सुलझाने की 90 दिवसीय पहल

90 दिवसीय गहन अभियान राष्ट्र के लिए मध्यस्थता वैकल्पिक विवाद निवारण प्रणाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्राधिकरण की ओर से शुरू किया गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। मीडिएटर्स के साथ बैठक करती सीजेएम नीलम कुमारी। फोटो: हरिभूमि

न्याय तक सभी की पहुंच सुनिश्चित करने और अदालतों में लंबित मुकदमों का बोझ कम करने के लिए 30 सितंबर तक एक बड़ा राष्ट्रव्यापी अभियान राष्ट्र के लिए मध्यस्थता नामक जन जागरूकता अभियान चलेगा। यह पहल हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों और जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा के मार्गदर्शन में की जा रही है।

इस अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव नीलम कुमारी ने एडीआर (वैकल्पिक विवाद समाधान) केंद्र में मीडिएटर्स के साथ चर्चा करके रणनीति तैयार की। सीजेएम नीलम कुमारी ने बताया कि यह 90 दिवसीय गहन अभियान राष्ट्र के लिए मध्यस्थता वैकल्पिक विवाद निवारण प्रणाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्राधिकरण की ओर से शुरू किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य मध्यस्थता केंद्रों और अन्य वैकल्पिक साधनों के माध्यम से लोगों तक पहुंच बनाना है, ताकि भारतीय न्यायिक प्रणाली को और मजबूत किया जा सके तथा सभी के लिए न्याय सुनिश्चित हो सके। इसमें सभी मीडिएटर्स का अहम रोल रहेगा। ऐसे में सभी मीडिएटर्स पूरी मेहनत के साथ काम करते हुए इस अभियान को सफल बनाएं। अदालतों में लगातार बढ़ते मुकदमों के बोझ से छुटकारा पाने के लिए ये समझौते प्रणालियां बहुत उपयोगी साबित होंगी।

**इन मामलों को सुलझाने में मिलेगी मदद**

सीजेएम नीलम कुमारी ने बताया कि कई तरह के मामलों में आपसी समझौतों के आधार पर समाधान निकाला जा सकता है। इससे न्यायालयों से बोझ कम होगा। अभियान के तहत दुर्घटना दावा मामले, घरेलू हिंसा मामले, चेक बाउंस मामले, प्रॉपर्टी (संपत्ति) मामले, आपराधिक समझौता योग्य मामले, उपभोक्ता मामले, विभाग वसूली मामले, भूमि अधिग्रहण मामले, बेदखली मामले और अन्य उपयुक्त दीवानी (सिविल) व आपराधिक मामले आदि सुलझाने में मदद मिलेगी।

**अधिक जानकारी के लिए यहां करें संपर्क**

सीजेएम ने बताया कि आम जनता राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान, लोक अदालत और अन्य कानूनी जानकारी के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर 01282250322 पर संपर्क कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर 15100 पर भी कॉल करके कानूनी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।



महेंद्रगढ़। छात्र प्रणव को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## हैप्पी स्कूल के प्रणव ने करिकुलम में 98.3 प्रतिशत अंक प्राप्त किए

**महेंद्रगढ़।** हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र प्रणव छोकर पुत्र डॉ. पवन कुमार ने 16 जून को नासा एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय नासा ओपन साइंस 101 रिसर्च करिकुलम प्रतियोगिता में 98.3 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। इस कार्यक्रम में विभिन्न देश के बच्चों ने पांच असाइनमेंट प्रस्तुत किया जो 12-12 अंकों के निर्धारित हुए थे। साथ ही इस परीक्षा के बाद 2026 के लिए नासा में इंटर्नशिप के लिए प्रणव छोकर को स्वीकृति भी प्राप्त हुई है। प्रणव छोकर की सफलता का सिलसिला लगातार चलता रहा। छह जून को ही इंटेल टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित अंक फॉर एंटरप्रेन्योरशिप में अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रमाण पत्र प्राप्त किया। दूसरी ओर यूनिवर्सिटी आफ मैरीलैंड द्वारा आयोजित एथिकल लीडरशिप कोर्स के तहत 12 कोर्स को पार करते हुए सफलता अर्जित की तथा प्रमाण पत्र प्राप्त किया। यह कार्यक्रम 13 जून को आयोजित हुआ। टाटा फॉरेज द्वारा 11 जून को आयोजित कोर्स में हिस्सा लेते हुए प्रणव छोकर ने न केवल ए आई का सही प्रयोग बताया। प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल, प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल और मैनेजर चंचल अग्रवाल ने कहा कि अब हमारे विद्यालय के विद्यार्थी न केवल राष्ट्रीय स्तर पर अपितु अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी विद्यालय का नाम रोशन कर रहें हैं। संचालक सुभाष चंद्र अग्रवाल, उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल कहा कि इन प्रतियोगिता के आधार पर विद्यार्थी को भविष्य में आने वाली परीक्षाओं से संबंधित चुनौतियां के लिए तैयार किया जाता है। साथ ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में आधुनिक तकनीक का प्रयोग करने की शिक्षा मिलती है।

# स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पार्पित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

राव जयराम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विवेकानंद के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर की गई। प्रधानाचार्य नरेंद्र यादव ने कहा कि स्वामी जी का जीवन संघर्षों से भरा रहा, परंतु उनके विचार आज भी युवाओं को मार्गदर्शन देने में सक्षम हैं। उनका यह कथन कि उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए, आज भी हर विद्यार्थी को प्रेरित करता है। निदेशक सुरेंद्र यादव ने कहा कि यदि हम स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलें, तो न केवल हम अपने जीवन को सफल बना सकते हैं, बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए भी उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सतत अध्ययन, आत्मविश्वास एवं अनुशासन के महत्व को समझाया और उनसे स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि अपनी तेजस्वी वाणी, वैज्ञानिक सोच और तथा तर्क के बल पर पूरे विश्व में स्वामी जी ने भारतीय संस्कृति और अध्यात्म का डंका बजाया। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानंद के विचारों पर आधारित भाषण प्रस्तुत किए। विद्यालय के शिक्षकों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया और अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के समापन पर राष्ट्रगान गाया गया और सभी ने राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान संपूर्ण विद्यालय ने स्वामी विवेकानंद को नमन करते हुए उनके जीवन मूल्यों एवं शिक्षाओं को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

## यदुवंशी डिग्री कॉलेज में मनाई स्वामी विवेकानंद जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर पुष्पार्पित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

यदुवंशी डिग्री कॉलेज स्वामी विवेकानंद जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धाभाव के साथ मनाई गई। इस दौरान यदुवंशी कॉलेज के प्रांगण को भव्य रूप से सजाया गया और विद्यार्थियों शिक्षकों एवं अतिथियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह, संस्था के वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्ण सिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव, संस्था फाउंडर डायरेक्टर राजेंद्र यादव, ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी विवेकानंद पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से हुई। चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन युवाओं के लिए आदर्श है। उन्होंने भारतीय संस्कृति और ज्ञान को पूरे विश्व में सम्मान दिलाया। फाउंडर डायरेक्टर राजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद की शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक है, जितनी उनके समय में थी। युवा पीढ़ी को उनके आदर्शो को अपनाना चाहिए। ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव ने कहा कि स्वामी का आत्मविश्वास राष्ट्रभक्ति और विचारशीलता आज के युवाओं के लिए एक अमूल्य धरोहर है। कार्यक्रम में छात्रों ने भी स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित भाषण, कविता व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जिन्हें सभी ने सराहा। अंत में डॉ. प्रदीप यादव, कॉलेज प्राचार्य बबरुभान ने स्वामी विवेकानंद के दिखाएं मार्ग पर चलने के लिए प्रेरणा दी। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## सरसों के तेल के दामों में बढ़ोतरी गलत: राव नरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



- 1.80 करोड़ लोगों पर गरीब विरोधी फैसले की चोट

पूर्व मंत्री राव नरेंद्र सिंह ने हाल ही में भाजपा सरकार की ओर से बीपीएल कार्ड धारकों के सरसों के तेल में हुई बढ़ोतरी को गरीब विरोधी बताया। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि सरसों का तेल हर परिवार में सबसे अधिक उपयोग में लिया जाता है, जो दो लीटर सरसों का तेल पहले जहां 40 रुपये में मिलता था, अब उसकी कीमत में बढ़ोतरी करते हुए 100 रुपये कर दिया।

भाजपा सरकार ने बढ़ोतरी करके गरीब वर्ग के लोगों पर अतिरिक्त बोझ डालने का काम किया है। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि प्रदेश में करीब 46 लाख बीपीएल कार्ड धारक हैं, प्रति कार्ड में औसतन चार सदस्य की गणना के हिसाब से 1.80 करोड़ लोगों पर इस गरीब विरोधी फैसले की चोट पड़ी है। इस से पूर्व में बिजली के दामों में बढ़ोतरी और सरसों के तेल में की बढ़ोतरी से ये साफ प्रतीत होता है भाजपा पूरी तरह से गरीब वर्ग के लोगों को चौतरफा मार कर रही है।

राव नरेंद्र सिंह ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि इस बढ़ोतरी को वापस लेना चाहिए, ताकि गरीब वर्ग अपनी जिन्दगी अच्छे से गुजार सके और उस पर अतिरिक्त बोझ न पड़े।

# रामलीला परिषद् में प्रशासक एवं चुनाव अधिकारी मुकेश लावनियां ने संभाला कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। प्रशासक एवं चुनाव अधिकारी मुकेश लावनियां का स्वागत करते हुए।

श्री रामलीला परिषद् में नए प्रशासक एवं चुनाव अधिकारी पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश लावनियां ने अपना कार्यभार संभाल लिया। परिषद प्रांगण में पहुंचने पर प्रशासक एवं चुनाव अधिकारी मुकेश लावणियां ने परिषद् प्रांगण स्थित बालाजी के मंदिर में माथा टेककर बालाजी का आर्शीवाद लिया। परिषद् के पदाधिकारियों और कलाकारों ने उनका पटका पहनाकर और पुष्प गुच्छ देकर स्वागत अभिनंदन किया।

परिषद् के पूर्व कार्यकारी प्रधान अमित मिश्रा ने कहा कि रामलीला परिषद् में पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश लावनियां को जिला रजिस्ट्रार फर्म एवं समितियां द्वारा प्रशासक लगाया गया है। पूरा परिषद् सदस्य उनका कार्यभार संभालने पर उनका स्वागत और अभिनंदन करता है और आगे परिषद् की पूरी कार्यवाही में उनका कंधे से कंधा मिलाकर साथ देने का आश्वासन देता है। प्रशासक एवं चुनाव अधिकारी मुकेश लावनियां ने बताया कि उन्होंने श्री रामलीला परिषद् में फर्म एवं सोसाइटीज के जिला रजिस्ट्रार के आदेशानुसार कार्यभार संभाला है और कार्यभार संभालने की जानकारी जिला रजिस्ट्रार को भेज दी है। उन्होंने परिषद के सभी सदस्यों और कलाकारों से सौहार्दपूर्ण वातावरण में काम करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन शाम पांच से छह बजे तक परिषद कार्यालय में उपलब्ध रहेंगे। सभी कलाकार और पूर्व पदाधिकारी उनसे मिलकर संस्था के हित में अपने सुझाव दे सकते हैं। इस अवसर पर पूर्व संरक्षक आनंद शर्मा, पूर्व नगर पालिका प्रधान रामचंद्र जांगड़ा, पूर्व प्रधान अतुल दीवान, राजेंद्र पोपली, आशु बोहरा, अनिल सेठ, प्रवीण दीवान, गिरधर कानौड़ियां, सुनील यादव, विक्रम यादव, प्रमोद, शेर सिंह आदि परिषद् के सदस्य उपस्थित रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ईकबालपुर नंगली में एक बणी में जोहड को मतस्यपालन पालन के लिए पट्टे पर छोडा जना है बोली दिनांक 07.07.25 को प्रातः 10 बजे आम स्थान गांव की परस में छोडी जाएगी। पट्टे की शर्तें मौके पर सुनाई जाएगी। इच्छुक व्यक्ति मौके का लाभ उठाएं।

**सरपंच ग्राम पंचायत ईकबालपुर नंगली मो. 9468416547**

**MUNICIPAL COMMITTEE ATELI MANDI**
Distt. Mahendergarh, (Haryana) Pin-123021 Email-secy-atelimandi@ulbharyana.gov.in

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भारत संघ बनाम गुजरात राज्य एंव अन्य के रुप में विशेष अपील (सी) संख्या 8519/2006 में पारित दिनांक 29.09.2009 के आदेश के तहत निर्देश दिया है कि उस तिथि के बाद सार्वजनिक सडकों, सार्वजनिक पार्को या सार्वजनिक स्थानों आदि पर मन्दिर, चर्च, मस्जिद या गुरुद्वारा आदि के नाम पर कोई अनाधिकृत निर्माण नही किया जाएगा या अनुमति नहीं दी जाएगी और प्रांरभिक रुप से रिपोर्ट मांगने और कार्यान्वयन की निगरानी के बाद दिनांक 31.01.2018 के आदेश के तहत मामलों को प्रभावी तरीके से अपने आदेशों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए संबंधित उच्च न्यायालय को भेज दिया है।
उच्च आदेशों के पालन में सरकारी भूमि, ग्रीन बेल्ट, सरकारी पार्क, सडक, फुटपाथ इत्यादि पर बने अवैध धार्मिक संस्थान स्ट्रक्चर, भवन आदि को तुरंत प्रभाव से हटा लें अन्यथा संबंधित सक्षम प्राधिकारी द्वारा कानूनी कार्रवाई करते हुए उपरोक्त भवनों को तोड-फोड कर हटा दिया जाएगा, जिसमें होने वाले हर्जा खर्चा के लिए उपरोक्त संस्थानों को चलाने वाले अनुयायी स्वंय जिम्मेवार होगें। इसके अतिरिक्त संबंधित के विरुद्व दंडात्मक एंव न्यायालय के आदेशों की अवमानना की कार्यवाही भी अमल में लाई जाएगी।

सचिव, नगरपालिका, अटेली मण्डी

#### राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस पर साप्ताहिक कार्यक्रमों का आयोजन

# प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट ने चिकित्सकों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस पर साप्ताहिक कार्यक्रमों के आयोजन का शुभारम्भ किया। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक वर्ष एक जुलाई को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस से शुरू होने वाला सप्ताह चिकित्सा सेवाओं के लिए समर्पित डॉक्टर लोगों को समर्पित होता है और इस दौरान अनेक कार्यक्रम आयोजित होते हैं। ट्रस्ट अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि नगर में उत्कृष्ट व उल्लेखनीय सेवा देने वाले चिकित्सकों को सम्मानित करने की श्रृंखला में शुक्रवार को पूजा अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. दिनेश शर्मा, डॉ. उषा शर्मा, डॉ. अचल मित्तल, रेनबो अस्पताल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. शिवकुमार, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप यादव, नरसिंह अस्पताल के संचालक डॉ. खुशीराम को ट्रस्ट की ओर से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर हड्डी एवं जोड़ विशेषज्ञ डॉ. दिनेश शर्मा ने कहा कि जब सेवाओं को सामाज द्वारा प्रोत्साहन मिलता है, तो काम करने का जज्बा दोगुना हो जाता है। प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट का यह सम्मान उनकी कार्यक्षमता के संवर्धन में सहायक रहेगा। डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि डॉक्टर्स की भूमिका समय के साथ बदली है, लेकिन उनका महत्व कभी कम नहीं होता है। चिकित्सक सिर्फ ईलाज नहीं करते, बल्कि नीतिगत सलाह, सार्वजनिक स्वास्थ्य सुधार, रिसर्च और आपातकालीन सेवाओं में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। ट्रस्टी दिनेश शर्मा प्राचार्य ने कहा कि डॉक्टर्स हमें आशा, मार्गदर्शन और जीवन देते हैं। राजेश यादव ने कहा कि चिकित्सक जीवन को सहज बनाते हैं। इस मौके पर प्रेमलता सैनी, प्रवक्ता सरला देवी, प्रवक्ता सुमन आदि मौजूद थे।



नारनौल। चिकित्सक को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### राज्यस्तरीय खेल महाकुंभ के लिए गुरु द्रोणाचार्य स्कूल के विद्यार्थी चयनित

**नारनौल।** राज्यस्तरीय खेल महाकुंभ के लिए जिला की नेटबॉल टीम की चयन प्रक्रिया गुरु द्रोणाचार्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाणी किरारोद में संपन्न हुई। इसमें विनय कुमार कोच की अध्यक्षता में चयन कार्य किया गया। जिसमें गुरु द्रोणाचार्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की मुस्कान पुत्री रविंद्र व तनु सैनी पुत्री अनिल का महिला वर्ग में चयन हुआ। पुरुष वर्ग में कुलदीप सिवान पुत्र ओमप्रकाश, जय सैनी पुत्र अशोक कुमार, विनीत पुत्र मुकेश, सिंटू लांबा पुत्र संदीप, हन्नी पुत्र भूपसिंह, केशव पुत्र अजीत यादव का चयन किया गया। अब ये बच्चे जिला महेंद्रगढ़ का राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ में प्रतिनिधित्व करेंगे। इस मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष अजय कुमार, प्राचार्य नेतराम सैनी, हंसराज डीपी, मुकेश कुमार, मनोज कुमार, संतराम उपस्थित थे।

**OFFICE OF MUNICIPAL COMMITTEE, KANINA**
DISTT. MAHENDER GARH
PHONE: 01285-235220 E-mail: municipalcommitteekanina@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भारत संघ बनाम गुजरात राज्य एंव अन्य के रूप में विशेष अपील (सी) संख्या 8519/2006 में पारित दिनांक 29-09-2009 के आदेश के तहत निर्देश दिया कि उस तिथि के बाद सार्वजनिक सड़कों, सार्वजनिक पार्कों, या सार्वजनिक स्थानों आदि पर मन्दिर, चर्च, मस्जिद या गुरूद्वारा आदि के नाम पर कोई अनाधिकृत निर्माण नहीं किया जायेगा या अनुमति नहीं दी जाएगी और प्रारंभिक रूप से रिपोर्ट मांगने और कार्यान्यवन की निगरानी के बाद दिनांक 31-01-2018 के आदेश के तहत मामलों को प्रभावी तरीके से अपने आदेशों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए संबंधित उच्च न्यायालय को भेज दिया है।
उच्च आदेशों के पालन में सरकारी भूमि, ग्रीन बैल्ट, सरकारी पार्क, सडक, फुटपाथ इत्यादि पर बने अवैध धार्मिक संस्थान स्ट्रक्चर, भवन आदि को तुरन्त प्रभाव से हटा लें अन्यथा संबंधित सक्षम प्राधिकारी द्वारा कानूनी कार्यवाही करते हुए उपरोक्त भवनों को तोड-फोड कर हटा दिया जाएगा, जिसमें होने वाले हर्जा-खर्चा के लिए उपरोक्त संस्थानों को चलाने वाले अनुयायी स्वंय जिम्मेवार होंगे। इसके अतिरिक्त संबंधित के विरूद्ध दंडात्मक एवं न्यायालय के आदेश की अवमानना की कार्यवाही भी अमल में लाई जाएगी।

मुख्य सचिव
हरियाणा सरकार।

खबर संक्षेप



मंडी अटेली। चार दीवारी का उद्घाटन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## भीलवाड़ा में बाबा भैया की चारदीवारी का उद्घाटन

**मंडी अटेली।** जिला परिषद वार्ड नंबर 11 के गांव भीलवाड़ा में 10 लाख रुपये की लागत बने बाबा भैया की चारदीवारी का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार एवं जिला पार्षद प्रतिनिधि शमशेर यादव विशेष रूप से मौजूद रहे। जिला पार्षद प्रतिनिधि ने बताया कि उनके वार्ड में वह लगातार विकास के कार्य करवा रहे हैं। उनका एक ही लक्ष्य है ईमानदारी से उसके वार्ड की प्रत्येक गांव में वह कार्य कर सके। जिला परिषद में किसी भी प्रकार की योजना को गति देने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस मौके पर भीलवाड़ा के सरपंच विक्रम, पूर्व सरपंच अजीत, भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजीत, राकेश, पूर्व सरपंच धर्मवीर, राजकिशोर पंच व कृष्ण के अलावा ग्रामीण मौजूद रहे।

## 13 वर्षीय कुमारी श्लोका डोरवाल ने किताब लिखी

**मंडी अटेली।** 13 वर्षीय की कुमारी श्लोका डोरवाल ने किताब लिखकर परिवार और इलाके का नाम रोशन किया है। श्लोका, आकांक्षा डोरवाल और डॉ. उद्धव



डोरवाल की पुत्री है। वह डॉ. सुरेश शर्मा की सुपौत्री है। डॉ. शर्मा अटेली के निजी क्लीनिक से जुड़े हैं। श्लोका की किताब का नाम है 'दी सर्कस ऑफ माई माइंड'। आज के समय में जहां बच्चे मोबाइल और सोशल मीडिया पर समय गंवाते हैं, वहीं श्लोका ने रचनात्मक काम कर मिसाल पेश की है। उसने अपने विचारों के जरिए बच्चों के मनोभावों को इस किताब में उतारा है। किताब के प्रकाशित होने पर परिवार और समाज में खुशी का माहौल है।

## उच्चत में एल्यूमीनियम के पाइप चोरी


**कनीना।** सदर थाना में दर्ज प्राथमिकी के मुताबिक करीब 10 किसानों के एल्यूमीनियम के पाइप अज्ञात चोरी कर ले गए। जिससे किसानों में रोष बढ़ रहा है। इस बारे में पुलिस को दी शिकायत में बव्वा निवासी रिषीराज ने बताया कि उच्चत गांव में उसके ट्यूबवेल से एल्यूमीनियम के 11 पाइप अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। किसान लीलाराम के 10 पाइप, बिरेंद्र सिहोर के चार, रामानंद सिहोर के 10, अशोक बहाला के पांच, रामकिशन बहाला के पांच, भूपेंद्र के छह, उमेद बहाला के छह, यशवंत के तीन, सतनारायण का एक व छाजुराम के पाइप चोरी हो गए।

# डीसी के नाम से साइबर ठगों ने लक्की सीगड़ा को बनाया निशाना

■ लक्की सीगड़ा ने डीसी एवं एसपी को पूरे मामले की भेजी मेल पर शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

सामाजिक कार्यकर्ता एवं बीएमडी फाउंडेशन चेयरमैन लक्की राव सीगड़ा को साइबर ठगों ने डीसी विवेक भारती के नाम से रुपये की मांग कर डिजिटल अरेस्ट के माध्यम से ठगने का निशाना बनाया। लक्की सीगड़ा ने इस संबंध में जिला उपायुक्त एवं एसपी को मेल भेजकर शिकायत भी दर्ज कराई हैं। लक्की सीगड़ा ने बताया की बीएमडी फाउंडेशन के कनीना स्थित कार्यालय पर कार्य करते समय शाम चार बजकर चौदह मिनट पर पर एक अनजान नंबर से व्हाट्सएप पर एक मैसेज आता है की आप कहा हैं और क्या कर रहे हैं, जिसमें मैसेज करने वाला व्यक्ति अपने आप को विवेक भारती डिप्टी कमिश्नर बताता है और लोकेशन पूछता है और संदेश में लिखता हैं कि एक जरूरी लेनदेन है जिसे वह चाहता है कि आप मेरी ओर से अभी शुरू करें क्योंकि यह एक प्रोजेक्ट के लिए है, वह इस समय सीमित पहुंच के साथ मीटिंग में व्यस्त हैं। बताएं कि क्या लेनदेन को मेरी ओर से तुरंत संसाधित किया जा सकता है, ताकि वह खाते के बारे में और जानकारी दे सें। संभावनाएं अभी इसे प्राप्त करने की प्रतीक्षा कर रही हैं। दिन के अंत से पहले आपको प्रतिपूर्ति करेंगा।




महेंद्रगढ़। व्हाट्सएप पर डीसी की लगी

फिर विवेक भारती डिप्टी कमिश्नर बने शख्स ने तुरंत प्रभाव से पचास हजार रुपये इस यूपीआई नाम और आईडी पर भेजने के लिए कहता है और यह भी कहता है कि पेमेंट करने के बाद स्क्रीनशॉट अवश्य भेजना, ताकि वह आपको रिफंड कर सकें। मैसेज करने वाले ने व्हाटशप प्रोफाइल में फोटो भी डीसी विवेक भारती की प्रयोग की हुई हैं। लक्की सीगड़ा ने बताया की उसे अचानक अंदेशा हुआ की डिप्टी कमिश्नर ऐसे कैसे कर सकते हैं, फिर लगा की यह नंबर साइबर गिरोह से संबन्धित हो सकता हैं और डिजिटल अरेस्ट के जरिए साइबर ठगों द्वारा फ्रॉड किया जा रहा हैं। वह इस स्थिति को भांप गया डिप्टी कमिश्नर के नाम से मुझे ठगा जा रहा हैं। लक्की सीगड़ा ने कहा कि साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। एक के बाद एक साइबर अपराधी लोगों को डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर उनसे ठगी कर रहे हैं। ठगों द्वारा खास तौर से पढ़े-लिखे समझदार लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। समाज के लोगों को जागरूक होकर इन साइबर ठगों से अपना बचाव करना होगा। सीगड़ा ने एक जागरूक सामाजिक कार्यकर्ता होने के नाते जिला प्रशासन से शिकायत के साथ-साथ अपील करते हुए कहा हैं कि जो गिरोह जिला उपायुक्त का नाम एवं फोटो का दुरूपयोग कर लोगों को साइबर ठगी का शिकार बना रहे हैं, उन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई कि जाए ताकि समाज के अन्य लोगों को शिकार होने से बचाया जा सके।

## मानसून के दौरान मुख्यालय पर रहने के दिए आदेश

**नारनौल।** उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने मानसून सीजन को देखते हुए सभी सरकारी विभागों को महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने आदेश दिए हैं कि मानसून के दौरान सभी अधिकारी अपने मुख्यालय पर ही बने रहें। डॉ. भारती ने स्पष्ट किया है कि अत्यंत आवश्यक होने पर ही मुख्यालय छोड़ने की अनुमति ली जाए। बिना पूर्व अनुमति के कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मुख्यालय नहीं छोड़ेगा। इस आदेश का मुख्य उद्देश्य मानसून के दौरान बाढ़ जैसी आपातकालीन स्थितियों से निपटना है। उपायुक्त ने कहा कि ऐसे हालात में अधिकारियों का मुख्यालय पर मौजूद रहना बेहद जरूरी है, ताकि वे किसी भी स्थिति में तेजी से और तुरंत कार्रवाई कर लोगों को समय पर मदद मिल सके तथा किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

## श्री गोशाला के सामने मुख्य द्वार के पास दो-दो फीट बने गहरे गड्ढे

# गोशाला से मसानी तक की सड़क हुई खस्ता, 3 साल पहले करवाया था निर्माण

लोगों की मांग के बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई। यह सड़क करीब 50 गांवों से जुड़ी है। श्री गोशाला के सामने मुख्य द्वार के पास दो-दो फीट गहरे गड्ढे बन गए हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। गोशाला के पास जर्जर अवस्था में सड़क। फोटो : हरिभूमि

तीन साल पहले गोशाला से मसानी तक बनी सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है। यह सड़क जर्जर होने से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। नगर पालिका द्वारा इस सड़क के निर्माण पर 57 लाख रुपये खर्च हुए थे। मसानी चौक से गोशाला तक एक किलोमीटर लंबी सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। लोगों की मांग के बाद भी सड़क की मरम्मत नहीं कराई गई। यह सड़क करीब 50 गांवों से जुड़ी है। श्री गोशाला के सामने मुख्य द्वार के पास दो-दो फीट गहरे गड्ढे बन गए हैं। मसानी माता मंदिर के पास तो सड़क पर रोड़े बिखरे पड़े हैं। इस सड़क से करीब 150 स्कूल की बसें गुजरती हैं।

बारिश के समय गड्ढों में पानी भर जाता है जिसके कारण बाइक चालकों को गड्ढों का पता नहीं चलता और वे दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। लोगों ने मांग की है कि अधिकारी व नपा प्रशासन को इस और ध्यान देना चाहिए।

स्थानीय लोग मनोज कुमार, ललित, नोनी व विनोद ने बताया कि नगर पालिका ने यह सड़क तीन वर्ष पहले यह बनवाई थी। छह महीने बाद ही सड़क टूटने लगी थी। वर्तमान में सड़क जर्जर है जिससे आवागमन प्रभावित हो रहा है।

यह सड़क 50 गांवों को जोड़ती है। मसानी चौक पर तो सड़क मार्ग का बुरा हाल है। यहां पर गहरे गड्ढे बने हुए हैं। पास में ही माता का मंदिर है। जब यहां पर लोग पूजा करने के लिए आते है तो उनको इन गड्ढों से होकर गुजरना पड़ता है। इसके अलावा श्री गोशाला के मुख्य द्वार के पास दो-दो फुट गहरे गड्ढे बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि बारिश के समय में गड्ढों में पानी भर जाता है जिसके कारण बाइक चालकों को गड्ढों का पता नहीं चलता और वे दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं।

नगर पालिका इन गड्ढों को पैचवर्क नहीं करवा रही है। जिसके कारण लोगों को परेशानी हो रही है। लोगों ने मांग की है कि अधिकारी व नपा प्रशासन को इस और ध्यान देना चाहिए।

### रेवाड़ी रोड को जोड़ने वाला है यह मार्ग

यह सड़क मार्ग शहर और रेवाड़ी रोड को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। शहर व आसपास के गांव के लोग इसी रास्ते से होकर गुजरते हैं। इसके अलावा यह मार्ग गांव माजरा कला, सिसोठ, भगड़ाना, लावण, मालड़ा बास, बवाना, सेहलंग, नौताना सहित अनेक गांव के लोग इस मार्ग का प्रयोग करते हैं। इसके इसके अलावा मार्ग पर कई नीजि अस्पताल, निजी स्कूल, गोशाला, मैरिज पैलेस, करीब 50 से अधिक दुकानें हैं।

### निर्माण कार्य चल रहेः सैनी

नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सैनी ने कहा शहर में अनेक जगहों पर सड़कों व गलियों के निर्माण का कार्य चल रहा है। जो सड़क बदहाल अवस्था में हैं जल्द ही उनकी मरम्मत व नव निर्माण के लिए भी प्रक्रिया शुरू की जाएगी। प्रक्रिया पूरी होने के बाद जल्द ही टेंडर लगवाकर इनका निर्माण कराया जाएगा।



नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते डीसी डॉ. विवेक भारती। फोटो : हरिभूमि

# डीसी ने की समाधान शिविरों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

■ लंबित न रखें शिकायतें : डीसी डॉ. विवेक भारती

■ हर शिकायत पर है मुख्यमंत्री कार्यालय की पैनी नजर

हरियाणा सरकार की ओर से जन समस्याओं के त्वरित निवारण के लिए आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों की प्रभावशीलता पर मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में आयोजित एक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को लंबित शिकायतों का समय पर तथा संतोषजनक निवारण करने के सख्त निर्देश दिए।

डॉ. भारती ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री कार्यालय से इन शिविरों में आने वाली शिकायतों के संबंध में निरंतर फीडबैक लिया जा रहा है। ऐसे में किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्रत्येक लंबित शिकायत का उचित और सटीक जवाब देते हुए उसका निपटारा करें, ताकि आमजन को राहत मिल सके और सरकार की इस पहल का पूरा लाभ उन्हें मिल पाए।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने सीएम विंडो और सोशल मीडिया ट्रैकर पर प्राप्त होने वाली शिकायतों की भी गहन समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को इन शिकायतों पर भी तत्परता से कार्रवाई करने और निर्धारित समय सीमा के भीतर उनका समाधान करने के निर्देश दिए। ऐसे में अधिकारी लगातार इसी प्रकार पूरी निष्ठा के साथ कार्य करते रहें। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त सुशील कुमार, नगराधीश मंजीत कुमार, डीएसपी हरदीप सिंह सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# निहालोठ में विशाल सम्मान समारोह आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

■ गांधी पीस फाउंडेशन नेपाल करेगा 26 व्यक्तियों को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से विभूषित

राव श्योचंद राम मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट निहालोठ के सौजन्य से स्व. राव श्योचंद राम की तृतीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम का आयोजन 5 जुलाई को किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक डॉ उमराव सिंह यादव एडवोकेट ने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम सत्र के मुख्य अतिथि झुंझुनूं जिला कलेक्टर अरुण गर्ग होंगे।समारोह की अध्यक्षता हरफूल सिंह यादव आईएएस करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के तौर पर पूर्व सेशन जज राकेश यादव होंगे। द्वितीय सत्र के मुख्य अतिथि सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार कुमार होंगे। समारोह की अध्यक्षता डॉ हरिसिंह गोदारा करेंगे। समारोह में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में सिंघानिया विश्वविद्यालय पचेरी बड़ी के अध्यक्ष एवं रिटायर्ड आईएएस डॉ मनोज कुमार गर्ग, गांधी पीस फाउंडेशन नेपाल के अध्यक्ष डॉ लाल बहादुर राणा, दा राजस्थान स्कूल कोटपूतली के डायरेक्टर मधुर यादव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ छोटेलाल गुर्जर, नोबल शिक्षण समूह के डायरेक्टर डॉ संदीप नेहरा, आईना के प्रधान संपादक डॉ रामानंद शर्मा और मिश्री देवी आई हॉस्पिटल बहरोड़ के डायरेक्टर वीरेंद्र यादव होंगे। युवा नेता कर्मवीर यादव, सिंघाना नगर पालिका अध्यक्ष विजय कुमार पांडे, योगाचार्य ढाका राम सप कोटा, कैप्टन रामचंद्र यादव, पुष्पा शास्त्री, बाबूलाल यादव, दिनेश यादव, श्रीपाल यादव, दारा सिंह व रामस्वरूप होंगे। इस अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर, निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर, छात्रवृत्ति वितरण, प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम तथा गांधी पीस फाउंडेशन, नेपाल द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में चयनित 26 लोगों को डॉक्टरेट की मानद उपाधि वितरण कि जाएंगी। कार्यक्रम पर प्रकाशित स्मारिका का विमोचन भी किया जाएगा। कार्यक्रम में इस क्षेत्र के 95 प्रतिशत से अधिक अंक 10वीं व वार्ड 12वीं बोर्ड परीक्षा में लाने वाले छात्रों को सम्मानित भी किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9:15 बजे हवन से आरंभ किया जाएगा>

# धोली झांखड़ी में चलाया पौधरोपण अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

गांव धोली झांखड़ी क्षेत्र में पंचायत ने वन महोत्सव के तहत पंचायती भूमि, धार्मिक स्थलों पर व राजकीय स्कूल में सैंकड़ों फलदार, छायादार व औषधीय पौधे लगाए। धौली झांखड़ी सरपंच अमित मास्टर ने बताया कि वन महोत्सव के तहत पर्यावरण संरक्षण को लेकर ग्राम पंचायत ने पंचायती भूमि पर नीम, शीशम, पापड़ी, बरगद, पीपल, अर्जुन आदि के पौधे लगाए। धार्मिक स्थलों पर जामुन, अमरूद, आम, मौसमी, चीकू, नींबू के पौधे लगाए व राजकीय स्कूल झांखड़ी व धौली में त्रिवेणी सहित फलदार, फूलदार व छायादार सैंकड़ों पौधे लगाए।



महेंद्रगढ़। वन महोत्सव के तहत पंचायती भूमि पर पौधे लगाते ग्रामीण।

उन्होंने कहा कि पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से धरती पर वातावरण असंतुलित हो रहा है। जिसके कारण हमें प्रकृति का दंश अधिक गर्मी, अधिक सर्दी और जरूरत के मुताबिक बरसात ना होने का दंश झेलना पड़ रहा है। जिससे पशु, पक्षी, जानवर व प्राणियों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्राम पंचायत धौली झांखड़ी में जो पौधे लगाए गए है। हम सब समय-समय पर उनकी देखभाल, निराई गुड़ाई, दीमक व कीड़ों से बचाव व पानी आदि देने का कार्य नियमित रूप से करेंगे।

# मेजर प्रवीन यादव को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में खेले गए आपरेशन सिंदूर कप क्रिकेट मैच में जिले के गांव भगड़ाना निवासी सेवा मेडल पुरस्कार मेजर प्रवीण यादव पुत्र मानद कप्तान ओमप्रकाश ने भाग लेते हुए सराहनीय प्रदर्शन किया। यह मैच आर्मी-11 व संसद-11 के बीच खेला गया।

जो आपरेशन सिन्दूर में शामिल सभी रक्षा बलों के समर्थन में समर्पित था। कार्यक्रम के दौरान



महेंद्रगढ़। मेजर प्रवीन यादव को सम्मानित करते मुख्यातिथि।

विभिन्न सेना पुरस्कार विजेताओं और वीर नारियों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने राष्ट्र की सेवा में अद्वितीय त्याग और वीरता का परिचय दिया।

कार्यक्रम में सेवा मेडल पुरस्कार मेजर प्रवीण यादव वर्तमान में कानपुर में पदस्थापित मेजर यादव को कुलगाम (जम्मू-कश्मीर) में एक आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान दो टीआरएफ आतंकियों का सफाया करने के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से मनोज तिवारी सांसद भाजपा दिल्ली और रमेश अवस्थी सांसद भी उपस्थित रहे।

# युवाओं के शैक्षणिक व पेशेवर विकास की दिशा में अग्रसर हकेंवि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

भारत को वैश्विक स्तर पर आर्थिक व तकनीकी विकास के मोर्चे पर नेतृत्व क्षमता प्रदान करने के उद्देश्य से युवा शक्ति के विकास में निर्णायक राष्ट्रीय क्रेडिट रूपरेखा (एनसीआरएफ)/ नेशनल हॉयर एजुकेशन क्वालीफिकेशंस फ्रेमवर्क (एनएचईक्यूएफ) के सभी दिशा-निर्देशों को हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने पूर्णतया लागू कर दिया है। विश्वविद्यालय की शैक्षणिक परिषद् की ओर से एनसीआरएफ व एनएचईक्यूएफ में वर्णित दिशा-निर्देशों को स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के स्तर पर आगामी सत्र 2025-26 से पूर्णतया लागू किया जा रहा है।



महेंद्रगढ़। हकेंवि का भवन। फोटो : हरिभूमि

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय इन बदलावों के बाद राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के सभी प्रावधानों के क्रियान्वयन के मोर्चे पर अग्रणी विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित हो गया है। इन बदलावों के लागू होने से नवाचार को बढ़ावा मिलेगा व श्रमशक्ति की उत्पादता व उपयोगिता भी न सिर्फ देश बल्कि वैश्विक मंच पर बढ़ेगी। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि 30 जून को हुई शैक्षणिक परिषद् की 40वीं बैठक में विश्वविद्यालय में लागू एनईपी-2020 के अंतर्गत सत्र 2025-26 में एनसीआरएफ/ एनएचईक्यूएफ के अनुरूप स्नातक व स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में बदलाव को मंजूरी दे दी गई है।

कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा सभी पाठ्यक्रमों में एनसीआरएफ/ एनएचईक्यूएफ के दिशा-निर्देशों के अनुरूप निर्धारित बदलावों को नए सत्र से लागू किया जा रहा है। इनमें प्रमुख रूप से भारतीय ज्ञान परम्परा व सतत विकास के लक्ष्यों का प्राथमिकता के साथ समाहित किया गया है।

# गांव माजरा खुर्द के पंच का अनशन दूसरे दिन भी रहा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शहर के डॉ. भीमराव आंबेडकर चौक पर गांव माजरा खुर्द के पंच का अनशन शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। महेंद्रगढ़ पर सुरेंद्र यादव के अनशन का दूसरा दिन है। पंच का कहना है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं हो जाती अनशन जारी रहेगा। पंच सुरेंद्र सिंह ने बताया कि सरपंच प्रतिनिधि पेड़ काटने के मामले में गुमराह कर रहा है। यदि सरपंच प्रतिनिधि इस मामले में जो पंचायत प्रस्ताव पास किया। उसकी कॉपी, पेड़ों की कटाई की परमिशन की कॉपी, पेड़ों पर निशान देही की वीडियो या फोटो, गांव में



महेंद्रगढ़। आंबेडकर चौक पर अनशन पर बैठा पंच सुरेंद्र यादव। फोटो : हरिभूमि

पेड़ों की बोली लगाई चौकीदार के आदेशों की कॉपी, सभी दस्तावेजों को स्पष्ट करें अन्यथा इसने मनमाने तरीके से पेड़ कटवाए हैं। सरपंच प्रतिनिधि के दो मामलों में दस्तावेजों को देखा जाए। पंचायत के पुराने पाइप, पंचायत भवन की गाटर पट्टी, टिन शेड, दरवाजे और जंगला आदि सामान की बोली बिना सचिव की मौजूदगी में लगाई गई, वो 76 हजार रुपये पंचायत खाते में जमा करने और पंचायत कैश बुक में इंट्री के सबूत सार्वजनिक करें। पुरानी सोलर ऊर्जा की रिकॉर्ड अनुसार सामान का अवलोकन और आजतक सार्वजनिक बोली लगाकर पैसा पंचायत खाते में क्यों नहीं डाला। यदि ऐसा किया है तो बोली की प्रक्रिया के सारे दस्तावेज सार्वजनिक करें अन्यथा दोनों मामलों प्रशासन गबन का मामला दर्ज करे।

### नहीं हो रहे विकास कार्य

सरपंच ने माजरा गांव से बस स्टैंड क्यू हटाकर माजरा चुंगी की जमीन पर पंचायत द्वारा दुकान बनानी प्रस्तावित है, वहां रखवा दिया क्योंकि पंचायत की उस जमीन पर सरपंच के चहेते लोगों ने अपनी दुकानों के दरवाजे निकाले हुए हैं। इसलिए सरपंच ने ढाई साल से दुकानें बनाई, जिससे पंचायत का काफी नुकसान हो रहा है। इसके अलावा जिम और लाइब्रेरी की प्रस्तावित भूमि पर भी सरपंच के चहेते लोगों ने टीनशेड और पशु बांधने का कार्य करते हैं। इसलिए सरपंच पंचायत में पैसे होते हुए भी विकास कार्य नहीं करवा रहा।

# फुटबॉल व हैंडबॉल के लिए ट्रायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

खेल विभाग हरियाणा की ओर से आगामी 11 से 17 जुलाई तक आयोजित होने वाले खेलों को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस दौरान ओपन कैटेगरी के 26 खेलों के लिए राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ का आगाज होगा।

खंड स्तरीय खेल स्टेडियम छितरोली में शुक्रवार को पुरुष खिलाड़ियों का चयन किया गया। कोच सूबेदार सुखबीर सिंह ने बताया कि फुटबॉल, हैण्डबाल खेल के खिलाड़ियों का चयन राजीव गांधी खेल स्टेडियम छितरोली में किया गया। जिसमें विभिन्न गांवों के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। राजीव गांधी खेल स्टेडियम छितरोली में तीन जुलाई को महिला खेलों का आयोजन किया गया था। जिसमें उनका चयन किया गया था। दूसरे दिन फुटबॉल के लिए 80 व हैंडबॉल के लिए 50 खिलाड़ियों ने भाग लिया। ट्रायल के समय बलवान सिंह आर्य, नरेंद्र कुमार शास्त्री, जगदीश नंबरदार, पालेराम, विजेंद्र, नीरज, कपिल, महेश, कोच मंजू चाहर, नरेश, रविंद्र, प्रदीप, नवीन उपस्थित रहे।